माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1637/06/शोध/MSU/2023–24 दिनांक: 13.12.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर (बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0) प्रवेशित छात्रों को माइनर/वोकेशनल आदि विषयों के आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–494//06/शोध/MSU/2023–24, दिनांक : 02.12.2023 के द्वारा महाविद्यालयों से प्रवेश पोर्टल पर दिनांक : 08.12.2023 तक बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को मेजर विषय (जिन विषयों में विकल्प उपलब्ध है) से विकल्प का चुनाव, माईनर विषय, वोकेशनल/स्किल डेवलपमेंट, को–कुरिकुलर एवं शोध परियोजना विषय आवंटित करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उक्त विषय आवंटित नहीं किये गये है। कुलपति महोदय के आदेशानुसार उक्त अंतिम तिथि को दिनांक : 16.12.2023 तक विस्तारित की जाती है।

अतः समस्त महाविद्यालय बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को मेजर विषय (जिन विषयों में विकल्प उपलब्ध है) से विकल्प का चुनाव, माईनर विषय, वोकेशनल/स्किल डेवलपमेंट, को–कुरिकुलर एवं शोध परियोजना विषय आवंटित करना सुनिश्चित करें, जिससे प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फार्म अतिशीघ्र भराये जा सके। सूच्य है कि विषम सेमेस्टर की परीक्षायें दिसम्बर 2023 माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है।

भवदीय,
13-XII-23
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्रवेश समन्वयक।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. उपकुलसचिव।
04. प्रभारी परीक्षा/गोपनीय।
05. अधिकृत प्रतिनिधि अथर्वा सिस्कॉम, प्रा0 लि0 कम्पनी।
06. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव